# स्वच्छता के शिखर में बढ़ रहा अपना प्रयागराज, एक नहीं दो पुरस्कार मिला

## प्रयागराज को देश में नं0 1 स्वच्छ शहर बना प्रयागराज




भारत संवाद

विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के पुरस्कार समारोह में प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी जी ने की सहभागिता ।

1. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024/25 गंगाटाऊन में प्रयागराज बना देश का न 1 शहर,

2. विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ मेले की सफलता पर प्रयागराज को देश में विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

केंद्रीय आवास एवं नगर विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर जी ने पुरस्कार से सम्मानित किया महापौर ने कहा यह सब प्रयागराज के जनता जनार्दन को समर्पित है उन्हीं की मेहनत का परिणाम है कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश सरकार में नगर विकास मंत्री श्री ए के शर्मा, विशेष सचिव नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश अनुज झा, प्रयागराज नगर निगम के नगर आयुक्त सीलम साई तेजा, अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री नंदी की पत्नी का मोबाइल हैक

## साइबर ठगों ने मांगे 65 हजार रुपए, पूर्व मेयर ने दर्ज कराई शिकायत

भारत संवाद

प्रयागराज, साइबर अपराधियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की पत्नी और पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता को निशाना बना लिया।

साइबर अपराधियों ने उनके मोबाइल और वॉट्सऐप हैक कर लिया।

इसके बाद उनके नाम और तस्वीर का इस्तेमाल कर रिश्तेदारों और शुभचिंतकों को पैसे भेजने के मैसेज किए गए। पीड़िता की शिकायत पर साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के बक्शीबंद मोहल्ला निवासी अभिलाषा गुप्ता दो बार महापौर रह चुकी हैं। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई।



कॉलर ने खुद को ब्लू डॉट कोरियर का कर्मचारी बताते हुए पार्सल डिलीवरी के बहाने लोकेशन भेजने के लिए कहा। इसके बाद अभिलाषा के मोबाइल पर एक टेक्स्ट मैसेज आया और कुछ ही देर में उनका वॉट्सऐप बंद हो गया।

मोबाइल भी फार्मेट हो चुका था। इसके कुछ ही समय बाद, परिचितों ने उन्हें जानकारी दी कि उनके वॉट्सऐप नंबर से पैसे मांगने वाला मैसेज आ रहा है।एक मैसेज में लिखा था, मैडम बहुत परेशान हैं।

उनके पास केवल 55 हजार रुपए हैं।65 हजार रुपए भेज दीजिए।मैसेज जिस नंबर से भेजा गया, उसमें अभिलाषा की तस्वीर और प्रोफाइल नाम नंदी गुप्ता दिख रहा था। पीड़ित पूर्व मेयर ने शुभचिंतकों से पैसे मांगने की बात सामने आते ही साइबर थाने में तहरीर दी।

थाना प्रभारी राजीव तिवारी के मुताबिक, एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जिन नंबरों से ठगी की गई, उन्हें ट्रेस किया जा रहा है।

फास्ट ट्रैक

## थाना मड़िहान पुलिस द्वारा 510 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

भारत संवाद

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः 17.07.2025 को उपनिरीक्षक भारत सुमन मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से एक नफर अभियुक्त अभिषेक कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 विजय शंकर पाण्डेय निवासी ग्राम वनदेईया थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 510 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर मु0अ0सं0-227/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

## थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी गिरफ्तार

भारत संवाद

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। आज दिनांकः17.07.2025 को उप-निरीक्षक विजय शंकर तिवारी व उप निरीक्षक संतोष उपाध्याय मय पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारण्टी 1. शुद्धु राम पुत्र कन्हैया लाल निवासी कंतित हरिजन बस्ती थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर व 2. रक्षात द्विवेदी निवासी खुटहन बाजार थाना खुटहन जनपद जौनपुर को उनके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

भारत संवाद

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध तथा अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 17.07.2025 को उप-निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील होकर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के सघन चेकिंग की जा रही थी कि इस दौरान प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से अभियुक्त प्रदीप पाठक पुत्र रामदत्त पाठक निवासी न्यू वीआईपी रोड़ बच्चा पाटक की गली थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया ।उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-238/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

## थाना मड़िहान पुलिस द्वारा अवैध चाकू के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

भारत संवाद

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध तथा अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है ।उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 17.07.2025 को उप-निरीक्षक जय प्रकाश यादव मय पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील होकर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के सघन चेकिंग की जा रही थी

# पाण्डुलिपि संरक्षक कार्यशाला में केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री कुन्तक मिश्र ने की मुलाकात



भारत संवाद

ज्ञान भारतम राष्ट्रीय मिशन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से एक दिवसीय पांडुलिपि संरक्षक कार्यशाला का आयोजन 14 जुलाई 2025 को नई दिल्ली में हुआ जिसका उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री माननीय श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, संस्कृति मंत्रालय सचिव विवेक अग्रवाल, ज्ञान भारतम् के परियोजना निदेशक डॉ अनिर्बान दास द्वारा संयुक्त रूप में किया गया। संस्कृति मंत्रालय के सचिव श्री विवेक अग्रवाल ने सभी प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य देश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहकताओं की एक करोड़ पांडुलिपि विरासत को नई पीढ़ी के लिए न केवल संरक्षित करना है अपितु शैक्षणिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अनुसंधान के लिए इसका सक्रिय उपयोग भी करना है। समारोह के मुख्य अतिथि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री माननीय श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि विकसित भारत का विजन जनमानस में स्थापित करने वाले हमारे प्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी संस्कृति के संवर्धन को अति आवश्यक मानते हैं। उनके मार्गदर्शन में ही पाण्डुलिपियों को सहेजने के लिए वृहद स्तर पर अभूतपूर्व योजनाबद्ध कार्य हो रहा है, जो भारत के सांस्कृतिक संघटकों विशेषकर भाषा की विविधता, ज्ञान-विज्ञान और शोध के लिए क्रांतिकारी सिद्ध होगा। इस दौरान उन्होंने 'ज्ञान भारतम्' हितधारक परामर्श बैठक में प्राचीन पांडुलिपि धरोहर के संरक्षण, डिजिटलीकरण और प्रचार-प्रसार के बारे में एक्सपर्ट्स की राय जानी और इस प्रक्रिया की दिशा की समीक्षा की। अलग अलग सत्रों में विद्वानों ने इस क्षेत्र में आने वाली समस्याओं का निदान पर विचार रखे। इस अवसर में संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त सचिव समर नंदा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव डॉ सच्चिदानंद जोशी, केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री कुंतक मिश्र के साथ ही देश के विभिन्न प्रांतो से आए सैकड़ों प्रतिनिधि मौजूद रहे। अन्त में हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रतिनिधि के रूप में सम्मेलन के प्रधानमंत्री कुंतक मिश्र ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर सम्मेलन की विभिन्न गतिविधियों और ऐतिहासिकता के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए उन्हें दैनंदिनी, राष्ट्रभाषा-सन्देश, सम्मेलन पत्रिका और सम्मेलन-एक परिचय की प्रति भेंट की।

# प्रयाग पेटल्स प्ले स्कूल हर नन्हे कदम के साथ बढ़ता विकास का नया अध्याय

## उत्तर मध्य रेलवे के प्रयाग पेटल्स स्कूल में करें संवेदनशील शिक्षा की शुरूआत

- सीखना बना सरल, सजीव और सुंदर झ प्रयाग पेटल्स प्ले स्कूल
- कहानी-कथन आधारित शिक्षण के साथ प्रयाग पेटल्स आरंभ
- प्रयाग पेटल्सः नन्हे कदमों के लिए सुरक्षित शुरूआत

भारत संवाद



उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय द्वारा रेलगॉव कॉलोनी, सूबेदारगंज, प्रयागराज में स्थापित प्रयाग पेटल्स प्ले स्कूल न केवल एक शैक्षिक संस्था है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और समावेशी शिक्षा के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता का सजीव उदाहरण भी है।श्रीमती चेतना जोशी, अध्यक्षा, उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन के मार्गदर्शन में शुरू किया गया यह स्कूल न केवले रेलवे के अधिकारियों या कर्मचारियों के बच्चों के लिए बल्कि हर उस परिवार के लिए खुला है, जो अपने बच्चे को एक सुरक्षित, सजीव और सशक्त प्रारंभिक शैक्षिक वातावरण देना चाहता है।उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की सचिव श्रीमति रिचा वर्मा ने बताया कि स्कूल में कहानी-कथन आधारित शिक्षण पद्धति अपनाई गई है, जहां हर पाठ एक कहानी बनकर बच्चों तक पहुंचता है।बच्चों की उम्र, सोच और रुचियों के अनुरूप तैयार की गई यह तकनीक उन्हें अपने आसपास के परिवेश से जोड़ती है, जिससे वे जल्दी समझते हैं, सवाल करते हैं और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हैं। यह केवल स्कूल नहीं, एक ऐसी जगह है जहां बच्चों की कल्पनाओं को उड़ान मिलती है, रचनात्मकता को दिशा मिलती है और सीखना एक मजेदार सफर बन जाता है। स्थानीय अनुभवों से जुड़ी यह शिक्षण प्रणाली बच्चों में संवेदनशीलता, संवाद और सामाजिक जिम्मेदारी के गुण भी विकसित करती है।2 से 4 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आरंभ किया गया यह स्कूल एक सुरक्षित, स्नेहपूर्ण और नवाचारयुक्त परिवेश में प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करता है।यहां शिक्षा को केवल पठन-पाठन तक सीमित न रखकर, बच्चों की जिज्ञासा, कल्पनाशक्ति और संवेदनशीलता को पल्लवित करने का प्रयास किया गया है।वातानुकूलित कक्ष, सीसीटीवी निगरानी, ऑडियो-विजुअल लर्निंग और रचनात्मक गतिविधियों से सुसज्जित प्रयाग पेटल्स एक ऐसा वातावरण प्रदान करता है, जहां हर बच्चा स्वतंत्र रूप से सीखता है और खिलता है। वर्तमान में प्रयाग पेटल्स प्ले स्कूल में Admissions प्रारंभ हो चुके हैं।

# राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के तहत ऐसे प्रकरण जिनमें सुलह समझौता के आधार पर समाधान की संभावना अधिक हो, को कराए निस्तारण

- 30 सितंबर तक चलेगा मध्यस्थता अभियान
- सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन एवं विधि व्यवसायियों से माह जुलाई के अंदर प्रार्थना पत्र जमा करा कर इस अभियान का लाभ उठाने की अपील की

भारत संवाद




उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार, राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के तहत मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालय में लंबित ऐसे प्रकरण जिसमें सुलह समझौता के आधार पर समाधान की संभावना अधिक हो तो ऐसे प्रकरणों को उक्त अभियान के अंतर्गत मध्यस्थता के माध्यम से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाना है जिससे वादकारियों को त्वरित न्याय मिल सकेगा व उनके धन व समय की भी बचत होगी। श्री दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा बताया गया कि यह अभियान 30 सितंबर 2025 तक चलाया जाएगा एवं इस अभियान के अंतर्गत न्यायालय में लंबित वैवाहिक विवाद मामले, मोटर दुर्घटना दावे के मामले , घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउंस के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले , लघु आपराधिक मामले, उपभोक्ता विभाग के मामले, ऋण वसूली के प्रकरण, संपत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले वह अन्य उपयुक्त दीवानी प्रकरणों को शामिल किया गया है। मध्यस्थता का मुख्य उद्देश्य विवादों को आपसी सहमति से सुलझाना है, बिना अदालत जाये।

## थाना लालगंज पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी गिरफ्तार

भारत संवाद

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना लालगंज पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। आज दिनांकः17.07.2025 को निरीक्षक विजय कुमार राय मय पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी राजन निवासी गंगहरा कला थाना लालगंज जनपद मीरजापुर को उनके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## थाना को0देहात पुलिस द्वारा 03 नफर वारण्टी गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना को0देहात पुलिस द्वारा 03 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। आज दिनांकः17.07.2025 को उप-निरीक्षक राकेश राय मय पुलिस टीम द्वारा 03 नफर वारण्टी 1.अशोक कुमार पुत्र केशव राम निवासी टेढवा थाना को0देहात जनपद मीरजापुर, 2. राधे उर्फ राधेश्याम पुत्र रामश्रृगार निवासी वीरपुर थाना को0देहात जनपद मीरजापुर व 3. अर्जुन पुत्र रामश्रृगांर निवासी वीरपुर थाना को0देहात जनपद मीरजापुर को उनके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पोषण समिति की बैठक करते हुए दिए आवश्यक निर्देश

भारत संवाद




मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार प्रयागराज में जिला पोषण समिति की बैठक की गई। बैठक में सभी कन्वर्जेन्स विभागों से संबंधित अधिकारीगण, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, यूनीसेफ की मण्डल/जिला समन्वयक एवं रॉकेट लर्निंग के स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में संभव अभियान 5.0, लाभार्थियों के E-KYC, FRS, E-कवच, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY), VHSND सत्र की मानीटरिंग, GMD आदि की आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपलब्धता/संचालन की समीक्षा की गई। संभव अभियान में नामित नोडल अधिकारियों की समीक्षा करने तथा FRSएवं PMMVY की शत प्रतिषत लक्ष्य इस माह पूर्ण करने के निर्देश एवं खराब प्रगति वाले बाल विकास परियोजनाओं के अधिकारियों/प्रभारी का वेतन रोकने हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक का समापन जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रयागराज द्वारा सभी उपस्थित अधिकारीगणों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किया गया।

आंमत्रित

विशेष रूप से यमुना जी को प्रदूषण मुक्त करने व तटों पर दोनों ओर जड़दार पौधों के रोपण पर हुई विशद् चर्चा

# स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी, विकसित भारत समिट-2025 में विशेष रूप से आंमत्रित

भारत संवाद

- परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी, केन्द्रीय जल शक्तिमंत्री, भारत सरकार श्री सी.आर. पाटील जी और पूर्व केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री व वर्तमान में केन्द्रीय संस्कृति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी की दिल्ली में भेंटवार्ता
- स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के पावन सान्निध्य में सभी माननीय विशिष्ट अतिथियों ने विकसित भारत समिट-2025 का दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन




ऋषिकेश/नई दिल्ली, 17 जुलाई। अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि न्याय केवल मानव समाज की बात नहीं करता, यह उस धरती और प्रकृति की भी बात करता है, जिसकी गोद में हम पले-बढ़े हैं।जब तक हम नदियों, वनों और वायुमंडल के साथ न्याय नहीं करेंगे, तब तक मानवता के लिए न्याय अधूरा ही रहेगा।इस अवसर पर दिल्ली में स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी से केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटील जी, पूर्व केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री व वर्तमान में केन्द्रीय संस्कृति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी ने भेंट की। इस भेंटवार्ता में गंगा, यमुना सहित देश की समस्त नदियों एवं जलस्त्रोतों को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त करने, जलवायु संतुलन के लिए जल आन्दोलन को जन आंदोलन बनाने और पर्यावरणीय न्याय को जन-नीति का अंग बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा, नदियाँ केवल जलधाराएँ नहीं, अपितु हमारी संस्कृति, आस्था और अस्तित्व की जीवनरेखा हैं।गंगा हो या यमुना, ये मात्र नदियाँ नहीं, माँ हैं, जिन्होंने सदियों से हमें जीवन दिया है परंतु आज वही नदियाँ कचरे, प्लास्टिक और रासायनिक अपशिष्टों से कराह रही हैं। यह केवल प्रदूषण नहीं, बल्कि नदियों के साथ अन्याय भी है। उन्होंने आगे कहा, जब हम नदियों को स्वच्छ रखने की बात करते हैं, तो यह केवल पर्यावरण का नहीं, अपितु न्याय का विषय है। गंदा पानी पीने को मजबूर समाज के हासिये पर रहले वाले लोग, सबसे पहले इस अन्याय के शिकार होते हैं इसलिए नदी स्वच्छता एक आध्यात्मिक, सामाजिक और नैतिक उत्तरदायित्व है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि न्याय केवल कानून की किताबों में नहीं, वह हमारी चेतना और व्यवहार में होना चाहिए। नदियों को स्वच्छ रखना, वनों की रक्षा करना और प्रकृति से संतुलन बनाना, यह सब न्याय के आधुनिक आयाम हैं।उन्होंने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति में ऋत अर्थात प्राकृतिक संतुलन को ही न्याय का आधार माना गया है। गीता से लेकर उपनिषदों तक में न्याय को करुणा और संतुलन से जोड़ा गया है। सच्चा न्याय वह है जिसमें हम न केवल मानवता की सेवा करें, बल्कि प्रकृति को भी माँ समझकर उसकी रक्षा करें। केन्द्रीय मंत्री श्री पाटील जी और श्री जगदीश चन्द्रा जी ने स्वामी जी के पर्यावरण संरक्षण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि वे जनप्रतिनिधि और जनसंचार माध्यमों के रूप में इस दिशा में सार्थक कदम उठाएँगे।श्री सी आर पाटील जी ने कहा कि नदियाँ केवल जल की धारा ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और भावी पीढ़ियों के जीवन की आधारशिला हैं।इनकी रक्षा करना हमारा दायित्व ही नहीं, कर्तव्य है। नदियों को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त करना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, और यह केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का भी विषय है। हमें मिलकर जनभागीदारी के माध्यम से इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। श्री जगदीश चन्द्रा जी ने कहा कि स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी सामाजिक चेतना और पर्यावरणीय जागरूकता के अप्रतिम प्रेरणास्रोत हैं।

# खेत से बाजार तक फसल खराब न हो, इसमें कोल्ड स्टोरेज की अहम भूमिका होगी

- कोल्ड स्टोरेज में नवाचार एवं आधुनीकीकरण की आवश्यकता है
- शीतगृह की स्थापना के लिए अधिकतम 35 फीसदी अनुदान दिया जा रहा - दिनेश प्रताप सिंह

भारत संवाद



लखनऊः प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात श्री दिनेश प्रताप सिंह ने गुरूवार को फेयरफील्ड बाय मैरियट, लखनऊ में आयोजित शीतगृह सशक्तिकरण एवं आधुनिकीकरण विषयक कार्यशाला का शुभारम्भ किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य पारंपरिक कोल्ड स्टोरेज प्रणालियों को नवाचार और स्थायित्व की दिशा में सशक्त बनाना है।उद्यान मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगभग 2,300 कोल्ड स्टोरेज हैं, जिनमें अधिकांशतः आलू का भण्डारण किया जाता है।प्रदेश में आलू भण्डारण की कोई कमी नहीं है। किसान की फसल खेत से बाजार तक खराब न हो इसमें कोल्ड स्टोरेज की अहम भूमिका होगी।आलू के साथ-साथ आम, केला, सब्जी आदि का भण्डारण भी हो सके इसके लिए उ0प्र0 सरकार किसानों एवं कोल्ड स्टोरेज के स्वामियों के साथ है। उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज के संचालन में नवाचार करने की जरूरत है, जिसके लिए अन्य प्रदेशों से तकनीकी का आदान-प्रदान करने की आवश्यकता है।वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में बढ़ते उत्पादन के साथ-साथ भंडारण क्षमता का विस्तार भी जरूरी है।उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग द्वारा शीतगृह की एक इकाई की स्थापना के लिए अधिकतम 35 फीसदी अनुदान दिया जा रहा है। ऐसे में मेरी शीतगृह स्थापित करने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से अपील है कि वे प्रस्ताव लेकर सामने आएं, सरकार उनकी हरसंभव मदद के लिए तैयार है।उन्होंने कहा कि एलॉन्स फार एन एनर्जी एफीसिएन्ट इकॉनॉमी संस्था की संकल्प शीतगृह सशक्तिकरण और आधुनिकीकरण की पहल एक साहसिक और दूरदर्शी कदम हो सकता है। इस पहल से पारंपरिक शीतगृहों को ऊर्जा-दक्ष, बहु-उत्पाद और जलवायु-सहनीय सुविधाओं में बदलने में सहयोग प्रदान कर सकती है।यह पहल न केवल परिचालन लागत को कम करेगी, बल्कि खाद्य क्षति और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी उल्लेखनीय कमी लाएगी। उन्होंने कहा कि इससे सतत कृषि को बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसानों, उपभोक्ताओं और पर्यावरण-तीनों को लाभ होगा। इस अवसर पर निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण श्री बी.पी. राम, उप निदेशक श्री के.के. नीरज, संस्था के प्रतिनिधि सहित शीतगृह स्वामियों ने प्रतिभाग किया।

